भारत सरकार

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

सं. 15/1/Jharkhand/2015-Coord.

छठी मंजिल, 'बी' विंग, लोकनायक भवन
खान मार्केट, नई दिल्ली-110003
6TH Floor, 'B' Wing, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110003

दिनांक : 23-12-2015

सेवा में,

श्री राजीव गौबा,
मुख्य सचिव,
झारखण्ड सरकार,
जिला-- रांची

विषयः 1. झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 एवं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम, 1995 (यथा संशोधित) की मॉनिटरिंग एवं कार्यान्वयन की समीक्षा।

2. झारखण्ड राज्य के धनबाद जिले में रिंग रोड के निर्माण हेतु भू-अर्जन में अनियमितताओं और आदिवासियों को मिलने वाले मुआवजे को बिचौलियों द्वारा हड़पने की घटना के संबंध में प्रभात खबर समाचार पत्र, रांची संस्करण में दिनांक 24.03.2015 को "मुआवजे के 11 करोड़ रूपए निकाल लिए बिचौलिए ने" (सं0 33/प्रेस क्लीपिंग/7/2015/ आरयू.-III)

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त विषयों पर दिनांक 04.11.2015 को आयोग में हुई बैठक में आपको बुलाया गया था। राज्य सरकार से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं सचिव, आदिवासी कल्याण विभाग आयोग में उपस्थित हुए जिसकी कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है क्योंकि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 **एवं** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम, 1995 (यथा संशोधित) की मॉनिटरिंग एवं कार्यान्वयन की समीक्षा तथा जनजातियों की भू-अर्जन में अनियमितताओं/मुआवजे को बिचौलियों द्वारा हड़पना जो कि नीतिगत मामले हैं। आयोग तथा राज्य सरकार की निगरानी में की जा रही प्रगति तथा संरक्षण की जानकारी आवश्यक थी जिस पर आपकी अनुपस्थिति के कारण चर्चा नहीं हुई।

अतः उपरोक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए डा0 रामेश्वर उरांव, माननीय अध्यक्ष ने दिनांक 07.01.2016 को मध्याह्न 12:00 बजे गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड सरकार एवं आपको चर्चा के लिए व्यक्तिगत तौर पर आयोग में बुलाया है।

भवदीय,

के0डी0 बन्सौर 23/12/15

(के.डी. बन्सौर)
निदेशक

प्रतिलिपिः

1. गृह सचिव, गृह विभाग, झारखण्ड सरकार, जिला- रांची।
2. पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड सरकार, जिला- रांची।
3. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल दिनांक 07.01.2016 को बैठक में उपस्थित रहें।
4. अनुसंधान अधिकारी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, क्षेत्रीय कार्यालय, 14, न्यू ए.जी. को-ऑपरेटिव कालोनी, कदरू, रांची-834002 (झारखंड)
5. वरिष्ठ प्रणाली विश्लेषक, एनआईसी।